## PART-I (भाग-I)

**All questions are compulsory. Choose the correct option. (10×1=10)**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सही विकल्प का चयन करें।**

1. The main objective of school organisation is:

   (a) To enhance student enrolment

   (b) To achieve goal of education efficiently

   (c) To maintain discipline

   (d) To complete syllabus on time

   विद्यालय संगठन का मुख्य उद्देश्य है:

   (a) विद्यार्थियों के नामांकन को बढ़ाना

   (b) शिक्षा के लक्ष्य को कुशलतापूर्वक प्राप्त करना

   (c) अनुशासन बनाए रखना

   (d) पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करना

2. The Regional Institutes of Education (RIEs) in India function under the supervision of:

(a) University Grants Commission (UGC)

(b) National Council of Educational Research and Training (NCERT)

(c) National Institute of Educational Planning and Administration (NIEPA)

(d) Ministry of Skill Development and Entrepreneurship

भारत में क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (Regional Institutes of Education - RIEs) किसके पर्यवेक्षण में कार्य करते हैं?

(a) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)

(b) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT)

(c) राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (NIEPA)

(d) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय

3. Which of the following is an effective technique for stress management?

(a) Irregular sleep habits

(b) Time management and relaxation techniques

(c) Overworking continuously

(d) Avoiding social interaction

निम्नलिखित में से कौन-सी तनाव प्रबंधन की प्रभावी तकनीक है?

(a) अनियमित नींद की आदतें

(b) समय प्रबंधन एवं विश्राम तकनीकें

(c) लगातार अधिक कार्य करना

(d) सामाजिक संपर्क से बचना

4. Which of the following reflects ethical professional behaviour of a teacher?

(a) Discriminating among students

(b) Maintaining confidentiality of student information

(c) Misuse of authority

(d) Neglecting professional duties

निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षक के नैतिक व्यावसायिक व्यवहार को दर्शाता है?

(a) विद्यार्थियों के बीच भेदभाव करना

(b) विद्यार्थियों की जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना

(c) अधिकारों का दुरुपयोग करना

(d) व्यावसायिक कर्तव्यों की उपेक्षा करना

5. A constructive classroom environment mainly encourages students to:

(a) Compete negatively with peers

(b) Participate actively and learn collaboratively

(c) Remain silent throughout the lesson

(d) Depend only on textbooks

एक रचनात्मक कक्षा वातावरण मुख्य रूप से विद्यार्थियों को क्या करने के लिए प्रेरित करता है?

(a) सहपाठियों से नकारात्मक प्रतिस्पर्धा करने के लिए

(b) सक्रिय भागीदारी एवं सहयोगात्मक अधिगम के लिए

(c) पूरे पाठ के दौरान मौन रहने के लिए

(d) केवल पाठ्यपुस्तकों पर निर्भर रहने के लिए

6. The main aim of discipline in education is to:

(a) Control students' behaviour

(b) Create fear of authority

(c) Develop self-control and responsibility

(d) Maintain silence in the classroom

शिक्षा में अनुशासन का मुख्य उद्देश्य है -

(a) विद्यार्थियों के व्यवहार को नियंत्रित करना

(b) अधिकार के प्रति भय उत्पन्न करना

(c) आत्म-नियंत्रण और उत्तरदायित्व का विकास करना

(d) कक्षा में मौन बनाए रखना

7. Which of the following actions best reflects effective instructional leadership?

(a) Strict supervision without feedback

(b) Supporting teachers through classroom observation and professional development

(c) Focusing only on examination results

(d) Delegating all academic responsibilities

निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया प्रभावी शैक्षिक नेतृत्व को सबसे बेहतर दर्शाती है?

(a) बिना प्रतिपुष्टि के कठोर निरीक्षण

(b) कक्षा अवलोकन एवं व्यावसायिक विकास के माध्यम से शिक्षकों का सहयोग करना

(c) केवल परीक्षा परिणामों पर ध्यान देना

(d) सभी शैक्षणिक दायित्वों को दूसरों को सौंप देना

Scanned with OKEN Scanner

8. Which element of the communication process ensures that the message has been correctly understood?

(a) Noise

(b) Channel

(c) Feedback

(d) Encoding

संचार प्रक्रिया का कौन–सा तत्व यह सुनिश्चित करता है कि संदेश सही रूप से समझा गया है?

(a) शोर

(b) माध्यम

(c) प्रत्युत्तर (फीडबैक)

(d) कूटलेखन (एन्कोडिंग)

9. Which of the following is an important objective of organizing cultural activities in schools?

(a) Promoting rote learning

(b) Encouraging national integration and respect for diversity

(c) Increasing academic pressure on students

(d) Limiting student interaction



Scanned with OKEN Scanner

विद्यालयों में सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य क्या है?

(a) रटंत विद्या को बढ़ावा देना

(b) राष्ट्रीय एकता एवं विविधता के प्रति सम्मान को प्रोत्साहित करना

(c) विद्यार्थियों पर शैक्षणिक दबाव बढ़ाना

(d) विद्यार्थियों की पारस्परिक सहभागिता को सीमित करना

10. Which of the following is a key benefit of involving parents and community in school activities?

(a) Improved teacher salaries

(b) Enhanced student learning outcomes and school accountability

(c) Reduced academic curriculum

(d) Centralized policy making

विद्यालय गतिविधियों में अभिभावकों और समुदाय को शामिल करने का मुख्य लाभ क्या है?

(a) शिक्षकों के वेतन में वृद्धि

(b) विद्यार्थियों की सीखने की उपलब्धि और विद्यालय की जवाबदेही में सुधार

(c) शैक्षिक पाठ्यक्रम को कम करना

(d) नीति निर्माण को केंद्रीकृत करना

## PART-II (भाग-II) (5×2=10)

**All questions are compulsory. Choose the correct option.**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सही विकल्प का चयन करें।**

**Assertion-Reasoning type questions.**

**अभिकथन-तर्क प्रकार के प्रश्न**

11. Assertion (A) : In today's modern world, TQM is the need of each and every organization, department, or agency, especially in educational institutes/schools.

Reasoning (R) : A lot of expenditure is incurred on education and TQM tends to control the expenses on students and education and helps in achieving the aims of education.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) Both (A) and (R) are false.

अभिकथन (A) : आज के आधुनिक युग में, टीक्यूएम (सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन) प्रत्येक संगठन, विभाग या एजेंसी, विशेषकर शैक्षणिक संस्थानों/विद्यालयों की आवश्यकता है।

तर्क (R) : शिक्षा पर बहुत अधिक व्यय होता है और टीक्यूएम छात्रों और शिक्षा पर होने वाले व्यय को नियंत्रित करने में सहायक होता है तथा शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करता है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) दोनों (A) और (R) गलत हैं।

12. Assertion (A) : For management of time, it is mandatory to identify but not eliminate the time wasters.

Reasoning (R) : Meetings without any specific reason or agenda is a time waster and identifying the same will help us plan our time better.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) Both (A) and (R) are false.

अभिकथन (A) : समय प्रबंधन के लिए, समय बर्बाद करने वाले कारकों की पहचान करना अनिवार्य है. लेकिन उन्हें पूरी तरह से समाप्त करना आवश्यक नहीं है।

तर्क (R) : बिना किसी विशिष्ट कारण या एजेंडा के बैठकें समय की बर्बादी होती हैं, और इन्हें पहचानना हमें अपने समय का बेहतर प्रबंधन करने में मदद करेगा।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) दोनों (A) और (R) गलत हैं।

13. Assertion (A) : Responding to misbehaviour is a fairly routine task in teaching and isn't a challenging task.

Reasoning (R) : Many students are self-disciplined and therefore, it makes it easier to influence the rest.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) Both (A) and (R) are false.

अभिकथन (A) : दुर्व्यवहार पर प्रतिक्रिया देना शिक्षण में एक अपेक्षाकृत नियमित कार्य है और यह कोई चुनौतीपूर्ण कार्य नहीं है।

तर्क (R) : कई छात्र आत्म-अनुशासित होते हैं, इसलिए बाकी लोगों को प्रभावित करना आसान हो जाता है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) दोनों (A) और (R) गलत हैं।

14. Assertion (A) : Team plays an important role in an organization as well as in our personal lives.

Reasoning (R) : Team work helps in improving and enhancing the effectiveness and efficiency of work/project in hand.

अभिकथन (A) : संगठन के साथ-साथ हमारे निजी जीवन में भी टीम (दल) एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

तर्क (R) : टीम वर्क से चल रहे कार्य/परियोजना की प्रभावशीलता और दक्षता में सुधार और वृद्धि होती है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) दोनों (A) और (R) गलत हैं।

15. Assertion (A) : Work of each student can be easily displayed through computerized system of management which gives a clear picture for performance analysis.

Reasoning (R) : Schools use a tool called SMIS for effective management which doesn't have any incentive to motivate the students directly to work better.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true but (R) is false.

(d) Both (A) and (R) are false.

अभिकथन (A) : प्रत्येक छात्र के कार्य को कम्प्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से आसानी से प्रदर्शित किया जा सकता है, जो प्रदर्शन विश्लेषण के लिए एक स्पष्ट तस्वीर प्रदान करता है।

तर्क (R) : विद्यालय प्रभावी प्रबंधन के लिए एसएमआईएस नामक एक उपकरण का उपयोग किया जाता है जिसमें छात्रों को बेहतर काम करने के लिए सीधे प्रेरित करने का कोई प्रोत्साहन नहीं होता है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है। 1

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) दोनों (A) और (R) गलत हैं।

## PART-III (भाग-III)

**Attempt any five questions.** **(5x3=15)**

**किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

19

16. Write silent features of Total Quality Management. (3)

संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन की प्रमुख विशेषताओं को लिखिए।

17. Some students in your classroom are constantly experiencing fatigue and dizziness. They show withdrawal from studies and often remain absent. As a class teacher, you identified that a poor home environment is the common cause of stress among students suggest any three stress management techniques that you will adopt a as remedial measure. (1+1+1=3)

आपकी कक्षा के कुछ विद्यार्थी लगातार थकान और चक्कर आने जैसा महसूस कर रहे हैं। वे पढ़ाई से अनमने हो जाते हैं और अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। एक कक्षा शिक्षक के रूप में आपने पहचाना कि तनावमय घरेलू वातावरण विद्यार्थियों में तनाव का सामान्य कारण है। किन्हीं तीन तनाव प्रबंधन तकनीकियों का सुझाव दें जिन्हें आप उपचारात्मक उपाय के रूप में अपनाएंगे।

18. Describe a practical situation in a school where fairness and impartiality are required from a teacher. How should the teacher act ethically in that situation? (3)

विद्यालय की एक ऐसी व्यावहारिक स्थिति का वर्णन कीजिए जहाँ शिक्षक से निष्पक्षता और न्याय की अपेक्षा होती है। उस स्थिति में शिक्षक को नैतिक रूप से कैसे कार्य करना चाहिए?

19. A student refuses to follow classroom rules and argues with the teacher. How will you practically handle the situation while maintaining a positive learning environment? (3)

एक छात्र कक्षा के नियमों का पालन करने से इंकार करता है और शिक्षक से बहस करता है। सकारात्मक सीखने का वातावरण बनाए रखते हुए आप इस स्थिति को व्यावहारिक रूप से कैसे संभालेंगे

20. A school team is highly capable but lacks coordination and motivation. As a leader, which leadership style will you use to improve teamwork and performance? Explain with practical actions. (2+1=3)

विद्यालय की एक टीम सक्षम होने के बावजूद समन्वय और प्रेरणा की कमी से जूझ रही है। एक नेता के रूप में आप टीमवर्क और कार्य-प्रदर्शन सुधारने के लिए कौन-सी नेतृत्व शैली अपनाएँगे? व्यावहारिक समाधानों के साथ स्पष्ट करें।

21. State any three differences between an institution and an organisation with suitable examples. (1+1+1=3)

उपयुक्त उदाहरणों सहित संस्था (Institution) और संगठन (Organisation) के बीच कोई तीन अंतर लिखिए।

22. As a school teacher, you are asked to prepare a class timetable ensuring balanced distribution of subjects and adequate breaks. What practical steps will you follow while constructing the timetable? (3)

एक शिक्षक के रूप में आपको विषयों के संतुलित वितरण और पर्याप्त अवकाश को ध्यान में रखते हुए कक्षा की समय-सारणी तैयार करनी है। समय-सारणी निर्माण के दौरान आप कौन-से व्यावहारिक चरण अपनाएँगे?

23. Suggest three ways to involve parents in school activities. (3

स्कूल की गतिविधियों में अभिभावकों को शामिल करने के तीन तरीके सुझाएँ।

## PART-IV (भाग-IV)

**Attempt any 5 questions** **(8x5=40)**

**किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

24. A school faces resistance from teachers towards innovative teaching methods and use of technology. As a school leader, how would you apply the principles of a Learning Organization to manage this resistance and promote a culture of continuous learning? Support your answer with practical examples. (4+4=8)

एक विद्यालय में शिक्षकों द्वारा नवाचारी शिक्षण विधियों एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग के प्रति प्रतिरोध देखा जा रहा है। विद्यालय नेतृत्वकर्ता के रूप में आप 'लर्निंग ऑर्गनाइजेशन' के सिद्धांतों को अपनाकर इस प्रतिरोध का प्रबंधन कैसे करेंगे तथा सतत अधिगम की संस्कृति कैसे विकसित करेंगे? अपने उत्तर को व्यावहारिक उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

25. During the implementation of NEP 2020 initiatives in a school, it was observed that some teachers resist change and do not follow the agreed action plans. As a school leader, how would you promote professional accountability while maintaining a positive and collaborative school climate?

Support your answer with suitable examples. (4+4=8)

विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नई पहलें लागू करते समय यह पाया गया कि कुछ शिक्षक परिवर्तन का विरोध कर रहे हैं तथा निर्धारित कार्ययोजनाओं का पालन नहीं कर रहे हैं। विद्यालय नेतृत्वकर्ता के रूप में आप व्यावसायिक उत्तरदायित्व (Professional Accountability) को कैसे बढ़ावा देंगे, साथ ही विद्यालय में सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण कैसे बनाए रखेंगे? उपयुक्त उदाहरणों सहित उत्तर दीजिए।

26. In a school, frequent conflicts are observed between teachers and students due to issues related to classroom discipline and communication gaps. These conflicts are negatively affecting teaching-learning processes. (4+4=8)

As a school leader, describe how you would manage such conflicts. Explain:

1. Preventive measures to reduce such conflicts

2. Importance of conflict management for a positive school climate

एक विद्यालय में कक्षा अनुशासन एवं संप्रेषण की कमी से संबंधित कारणों के चलते शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच बार-बार संघर्ष देखने को मिलते हैं। ये संघर्ष शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं।

एक विद्यालय प्रमुख (School Leader) के रूप में आप ऐसे संघर्षों का प्रबंधन कैसे करेंगे? निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर उत्तर दीजिए-

1. संघर्ष कम करने के निवारक उपाय

2. सकारात्मक विद्यालय वातावरण हेतु संघर्ष प्रबंधन का महत्व

27. What are the most effective strategies for managing student misbehaviour in the classroom, and how can teachers ensure these strategies promote long-term positive behaviour? Give four strategies with example. (4+4=8)

कक्षा में विद्यार्थियों के दुर्व्यवहार को प्रबंधित करने के लिए सबसे प्रभावी रणनीतियाँ क्या हैं, और शिक्षक यह कैसे सुनिश्चित कर कर सकते हैं कि ये रणनीतियाँ दीर्घकालिक सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा दें? चार रणनीतियाँ उदाहरण सहित दीजिए।

28. What does "inclusive classroom setup" mean for you? Suppose you are working as an assistant teacher in a Co ed school of Delhi. If children with special needs (VI, HI, PH and SLD are studying with the normal students in your class, how would you make our class inclusive? (3+5=8)

आपके लिए "समावेशी कक्षा व्यवस्था" का क्या अर्थ है? मान लीजिए आप दिल्ली के एक सहशिक्षा विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। यदि आपकी कक्षा में सामान्य विद्यार्थियों के साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, दिव्यांग और विशेष रूप से सीखने की क्षमता वाले) भी पढ़ रहे हैं, तो आप अपनी कक्षा को समावेशी कैसे बनाएंगे?

29. Team is more than a collection of people', in the context of the statement discuss how a school head can give better result if work as a team. Explain the process of building a team. (4+4=8)

टीम लोगों के समूह से कहीं अधिक है, इस कथन के संदर्भ में चर्चा करें कि यदि हम एक टीम के रूप में काम करते हैं तो एक स्कूल प्रमुख बेहतर परिणाम कैसे दे सकता/सकती है? एक टीम बनाने की प्रक्रिया की व्याख्या करें।

30. Evaluate the different challenges faced during the institutional planning process and suggest four ways to overcome them. (4+1+1+1+1=8)

संस्थागत नियोजन प्रक्रिया के दौरान सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों का मूल्यांकन करें और उनके समाधान के चार तरीके सुझाएँ।

31. Evaluate the role of technology in modernizing school record-keeping systems. Discuss the advantages and challenges associated with the digitalization of school records, considering aspects such as data security, accessibility, and the potential for improved administrative efficiency. Provide four recommendations for ensuring the successful implementation of digital school record management. (2+2+4=8)

स्कूल रिकॉर्ड-कीपिंग प्रणालियों को आधुनिक बनाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका का मूल्याँकन करें। डेटा सुरक्षा, पहुँच और बेहतर प्रशासनिक दक्षता की संभावना जैसे पहलुओं पर विचार करते हुए, स्कूल रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण से जुड़े फायदों और चुनौतियों पर चर्चा करें। डिजिटल स्कूल रिकॉर्ड प्रबंधन के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए चार सिफारिशें प्रदान करें।